# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः डी0एस0डब्ल्यू/906 /2023–24 दिनांक : 01.06.2023

प्रेषक,

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या**
**सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय**
**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय**
**जौनपुर।**

**विषयः–दिनांक 14.06.2023 से 21.06.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक कुलसचिव जी के पत्र संख्याः 2961/पू0वि0वि0/कु0स0/2023 दिनांक 29.05.2023 एवं राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–2575/32–जी0एस0/2023 दिनांक 28 अप्रैल, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके आलोक में सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में दिनांक 21.06.2023 को **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है।**

अतः मा0 कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार **"विश्व योग दिवस"** कार्यक्रम–2023 के अन्तर्गत दिनांक 14.06.2023 से 21.06.2023 तक साप्ताहिक योग दिवस कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा यथा कार्यक्रम स्थल, उपस्थित होने वाले प्रतिभागियों की संख्या, मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, योगाचार्य का नाम एवं तद्विषयक अन्य विशिष्ट तैयारियों का विवरण महाविद्यालयों में नामित एन0एस0एस0, कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एवं जहाँ कार्यक्रम अधिकारी नहीं है वहाँ प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्यों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर (मो0 नं0–8808231000, 8052518136) के ई–मेल आई0डी0–dkregpu@gmail.com पर दिनांक 04.06.2023 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित किया जाय तथा आयोजित साप्ताहिक योग दिवस के प्रत्येक दिन का विवरण (प्रतिभागियों की संख्या, फोटोग्राफ, प्रकाशित समाचार की प्रतियाँ) उक्त ई–मेल आई0डी0 पर उपलब्ध कराये, जिससे आयोजित साप्ताहिक योग दिवस के प्रत्येक दिन के विवरण को ससमय शासन को प्रेषित किया जा सके।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय

01/06/'23

**(प्रो0 अजय द्विवेदी)**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**

प्रतिलिपिः–
1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2–निजी सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3–वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपरोक्त सूचना को अपलोड करने का कष्ट करें।

**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

Email:connectpuregistrar@gmail.com

Tel. No.: (05452) 252244
Web: www.vbspu.ac.in


**प्रेषक : कुलसचिव,**
वी0बी0एस0पू0 विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**पत्रांक : 2961 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2023**
**दिनांक : 29.05.2023**

**सेवा में,**

**समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

**महोदय,**

कृपया राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–2575 / 32–जी0एस0 / 2023 दिनांक 28 अप्रैल, 2023 के आलोक में दिनांक 21.06.2023 को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है। उक्त के क्रम में राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–3204 / 32–जी0एस0 / 2023 दिनांक 26 मई, 2023 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में विश्व योग दिवस कार्यक्रम की अनिवार्यता सुनिश्चित किये जाने तथा उनमें प्रतिभागियों की संख्या आदि का समुचित विवरण राजभवन को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार **"विश्व योग दिवस" कार्यक्रम– 2023 के अन्तर्गत दिनांक 14.06.2023 से 21.06.2023 तक साप्ताहिक योग दिवस कार्यक्रम** की सम्पूर्ण रूपरेखा यथा कार्यक्रम स्थल, उपस्थित होने वाले प्रतिभागियों की संख्या, मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, योगाचार्य का नाम एवं तद्विषयक अन्य विशिष्ट तैयारियों का विवरण महाविद्यालयों में नामित एन0एस0एस0, कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एवं जहाँ कार्यक्रम अधिकारी नहीं है वहा प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्यो द्वारा विश्वविद्यालय के नामित समन्वयक, प्रो0 अजय द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय परिसर (मो0 नं0– 8808231000, 8052518136) के ई–मेल आई0डी0– dkregpu@gmail.com पर दिनांक 0406.2023 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित किया जाय तथा आयोजित साप्ताहिक योग दिवस के प्रत्येक दिन का विवरण (प्रतिभागियों की संख्या, फोटोग्राफ, प्रकाशित समाचार की प्रतियाँ) उक्त ई–मेल आई0डी0 पर उपलब्ध कराये। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है जिसे सफल बनाना हम सभी का परम कर्तव्य है। अतः गम्भीरता से लिया जाय।

**भवदीय,**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक।
2. प्रो0 अजय द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. गार्ड फाइल।

Admin

**कुलसचिव**

ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**

लखनऊ–226027

संख्याः ई–2575/32–जी0एस0/2023

दिनॉकः 28 ,अप्रैल–2023

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**कुलपति/निदेशक,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– **मान्नीय कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनॉकः 01–05–2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाये जाने हेतु ऑनलाईन बैठक के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है कि आगामी दिनॉक 21–06–2023 को देश व प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना प्रस्तावित है।

उक्त सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्व योग दिवस कार्यक्रम–2023 की रूपरेखा तैयार किये जाने के विषय में मा0 कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनॉक 01–05–2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे ऑनलाईन बैठक निर्धारित की गयी है, जिसमें समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपति/निदेशक, कुलसचिव, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के प्रमुख, योग विभाग के अध्यक्ष/डीन आदि उपस्थित रहेंगे। तदक्रम में निदेशित किया जाता है कि जिन विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा वॉछित सूचना अभी तक प्रेषित नहीं की गई है, वह वॉछित सूचना इस सचिवालय को दिनॉक 29–04–2023 के मध्यान्ह 12.00 बजे तक ई–मेलः rajbhavanosde@gmail.com पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

| विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्र–छात्राओं की कुल की संख्या | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की कुल संख्या | विश्वविद्यालय से,सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में पंजीकृत छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 मनाये जानेहेतु विश्वविद्यालय में कार्यक्रम स्थल की क्षमता Capacity | विश्वविद्यालय कैंम्पस में योग दिवस मनाये जाने हेतु निर्धारित लक्ष्य | अन्य विशिष्ट अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

भवदीय

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,